प्रमोट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जालोर. कॉलेज के सभी नियमित विद्यार्थियों को स्नातक प्रथम वर्ष से स्नातक द्वितीय वर्ष द्वितीय वर्ष से तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध से उत्तरार्द्ध में नियमानुसार प्रमोट कर दिया गया है।

प्रमोट किए गए विद्यार्थियों की ई-मित्र पोस्टिंग कर उनके अधिकृत मोबाइल नम्बर पर फीस जमा कराने का मैसेज भेजा गया है। स्नातक प्रवेश नोडल प्रभारी पंकज कुमार तथा स्नातकोत्तर प्रवेश नोडल प्रभारी डॉ. हरिश चन्द्र ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को ई-मित्र का मैसेज नहीं पहुंचा है वे महाविद्यालय से संपर्क करेंगे। प्राचार्या रंजना जैसवाल ने बताया कि ई-मित्र पर कॉलेज फीस जमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2021 है। निर्धारित तिथि तक फीस जमा न कराने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।